श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान वड़ोदरा का मुखपत्र

Regd - GUJMUL00665

# यथार्थ मार्ग



Email : info@gopinathji.org    Visit us : www.gopinathji.org    facebook : ShreeGopinathji    What's app - 8141054545

वर्ष-प्रथम • अंक-3 • माह-मार्च 18 • शुल्क-मासिक 20/-वार्षिक-भारत 200/- USA $35 UK £30 कुल पृष्ठ 8 • 1

संस्थापक एवं मार्ग दर्शक - पुष्टि सिद्धान्त मर्मज्ञ पू श्री व्रजेशकुमारजी शास्त्रीजी    सम्पादक - वेदान्ताचार्य पू.श्री गिरिराजजी शास्त्री

## संपादकीय

श्री गिरिराजजी शास्त्री

हमारे समस्त आचार-विचार की प्रक्रिया शास्त्र सम्मत और वैज्ञानिक ही है परन्तु उसके वैज्ञानिक विषय को कभी स्पर्श नहीं करते हम और हमेशा भावनात्मक पक्ष को ही देखते हैं और दिखाने वाले भी सिद्धान्तों से हट कर जो चल रहा है उसे वैसे ही चलने दो की मानसिकता लिये सिद्धान्तों को लचीला बनाकर स्थापित करते चले जा रहें हैं । जिससे अधिकारी वर्ग प्रायः वंचित हो कर दूर होता जा रहा है । परिणामतः यथार्थ पुष्टि भक्ति मार्ग जो सभी मार्गों में सर्वोत्तम प्रसिद्ध है उसकी आचरण एवं चिंतन प्रणाली सिकुड़ती जा रही है जिससे धर्म-दर्शन एवं संस्कृति का भावी पीढ़ी में ह्रास होता दिख रहा है अतः संस्कृतियों के परिचय की गाथा हर परिवर्तनीय युग के साथ अपने नवीन रूप में वक्त की दहलीज पर दस्तक देती ही है । समय के मान से अर्थात देश-काल एवं परिस्थिति वश जिन मान्यताओं में परिवर्तन नहीं हुआ या नहीं किया गया उनमे सहज देश काल परिस्थिति अनुसार परिवर्तन आना प्रकृतिजन्य है। परन्तु धर्म संप्रदाय और अनेक अलग अलग मार्गों की परम्पराओं में या तो बदलाव आता नहीं या कोई लाता नहीं या यों कहें कि कोई आने देता नहीं व लाने देना चाहता नहीं, यह सबसे दुःखदायक स्थिति है, हमारी भावी पीढ़ी और उन मार्ग पर चलने की इच्छा वालों के लिए । अगर कोई यथार्थवादी मुनि-संत-आचार्य या प्रभु प्रेरणायुक्त भक्त-प्रेमी प्रचलित परम्पराओं में बदलाव लाये या यत्र तत्र सर्वत्र फैली हुई संस्कृति-सिद्धांतों एवं परम्पराओं को नया आयाम देकर प्रस्तुत समय-कालानुसार परिस्थिति योग्य प्रभु सुखार्थ परिवर्तन करे या सिद्ध करे तो उसपर कोई मुहर भी नहीं लगाता और सहज स्वीकार नहीं होने देते उसके ठेकेदार ।

मानते हैं कि परम्पराओं में आमूल परिवर्तन संभव नहीं है किन्तु सिद्धांतो को लचीला न बनाते हुए स्पष्ट शुद्ध रूप रखते हुए समय-देश-कालानुसार और परिस्थिति वश कुछ शिथिलता और प्रभु सुखार्थ जो योग्य परिवर्तन हैं वह अगर स्वीकार्य नहीं होगा तो शनैः शनैः नाम मात्र होता जायेगा और जड़ता घर कर जाएगी व श्रम स्वरुप होती जाएगी अतः सभी सुज्ञजनों से विद्वतजनों से और अधिकारीगण से नम्रनिवेदन है कि इस बात पर ध्यान दे हमारे समाज और भावी पीढ़ी को कृतार्थ करें ।

## आचार्य वचनामृत

વૈષ્ણવાચાર્ય પૂ.પા.ગો.૧૦૮ શ્રીપ્રભુજીમહારાજશ્રી
(સુરત-વડોદરા-બગસરા-નન્દુરવાર)



જીવન ની પ્રત્યેક પળો ચરિત્ર નિર્માણ માં ઘણીજ મહત્વ ધરાવનારી છે. કોઇ પણ વ્યક્તિ જન્મ થી સારો કે ખરાબ હોતો નથી પણ જીવન માં બનતાં પ્રસંગોં વ્યક્તિ ને સારો કે ખરાબ બનાવે છે.

જીવન નો વધારે માં વધારે સમય જાગૃતિ માં અને પ્રકાશ માં પ્રસાર થતો હશે તો એ જીવનની ધન્ય ક્ષણોં જીવન ને નવુ ઓજસ પ્રદાન કરસે અને જો જીવન નો વધારે ભાગ નો સમય નિદ્રા અને અંધકાર માં પસાર થતો હશે તો જીવન ધ્યેય પ્રાપ્તિ થી વંચિત રહી જસે માટેજ વિદ્વાને કહ્યુ છે કે ....

''काव्यशास्त्र विनोदेन कातो गचछिन्ति धीमतान् ।''
व्यसनेन त मूर्खाणां निद्रया कलहे न वा ।।

જીવન ના વિષયમાં ક્ષણ લોભી જીવનની સુંદરતા ને પામી શકે છે. જેમ એક એક કણ ભેગા કરવાથી ધીમે ધીમે કરતા ભંડાર ને સમૃદ્ધ કરી શકાય છે તેવી રીતે સત્ય પથ ગામી ની ક્ષણોં ને જીવન માં એકત્ર કરી જીવન ને સમૃદ્ધ બનાવી શકાય છે.

મનુષ્ય પોતાના જીવન નો મોટા ભાગ નો સમય નિદ્રા, કલહ અને ભૌતિક પદાર્થો નાં સંચય અને ઉપભોગમાં પૂરો કરતો હોય છે અને જગત માં એક નિશ્ચિત નિયમ છે કે જેવો પ્રયત્ન તેવુ તેનુ પરિણામ. આપણે આપણાં ઘરને આપની તિજોરીને આપણા કબાટને અને આપણી વાડી, ગાડી, લાડી ને સમૃદ્ધ બનાવવામાં પુરુષાર્થ કરતા હોઇયે છે, પણ જો આપણે નિજ આત્મદર્શન કરીએ અને મન ને ટટોલિયે તો સ્પષ્ટ ચિત્ર ઉપસી આવસે કે આપણે પોતાનાં જીવન ને સમૃદ્ધ બનાવવા નો કોઈ પણ પ્રયત્ન કરતા નથી અને તેથીજ ભૌતિક પદાર્થોં થી સમૃદ્ધ હોવા છતા પણ આપણી પાસે આધ્યાત્મિક સમૃદ્ધિ નહીવત હોય છે. શું આપણે ભગવદ પ્રાપ્તિ નો કે પછી જીવનની સાચી સમૃદ્ધિ નો ખજાનોં મેળવવાનો સાચો પુરુષાર્થ કર્યો છે ? જયાં આપણે દોડતા દોડતા હાંફળા ફાફળા ઉતાવળા બે મીનીટ માં ભગવાનનાં દર્શન મંદિર માં કરીએ, બાકી નો સંપુર્ણ સમય પ્રાપંચિક વિષયોં માં પસાર કરીએ છીએ. પરમ કૃપાળુ પરમાત્માએ માનવ જીવન નેં સુંદર સાધનોં થી સમૃદ્ધ બનાવ્યુ હોવા છતા પણ માનવ તે સાધનોનો દુરુપયોગ કરી જીવન નાં વાસ્તિવિક ઉચ્ચત્તમ લાભોં થી વંચિત રહી જાય છે. શ્રીમદભાગવતમાં ઉદ્ધવજી ને ઉપદેશ આપતા ભગવાન પોતે આજ્ઞા કરે છે- શેષ પૃષ્ઠ ૭ પર....

## यथार्थ
## क्या है यथार्थ और क्यों आवश्यक है अब


श्री गिरिराजजी शास्त्री

चिन्तन की दृष्टि से देखे तो प्रकृति-ईश्वर स्वयं परिवर्तन की ओर एवं दुर्गुणों को समाप्त कर बदलने पर उन्मुक्त हुए है, जिसके प्रति अब हमें जागरूक होना चाहिए । अब पक्षपात-पूर्वग्रह-अन्यों के प्रति हीनत्व की भावना या अपने प्रति विशिष्टत्व की भावना इन सब से न ही व्यक्तित्व का विकास और न ही आत्मिक उन्नति भी संभव है अतः अब ये विषेले कार्यो को छोड़ कर हमें सर्वांगीण विकास को ही हमारा ध्येय बनाना होगा अन्यथा हमारे अन्दर की परतों में अहंकार की जड़े और भी मजबूत बन हमें गर्त की और दुःख की तरफ एवं अयथार्थ विषपूर्ण विषय मार्ग की ओर ही बढ़ाते हुए अकेलेपन में धकेल देंगी ... अतः अभी भी समय है जागें और जागृत हो कर उठें, अपने ध्येय की और अग्रसर बढ़े चलें ।

अन्यथा ऐसा न हो कि हम सद्गुरु की कृपा, प्रसन्नता, शरण प्राप्त होने के बावजूद यथार्थ खो बैठें और जहां से शुरू किया वहीं आकर खड़े न हो जाएं । धर्म का मूल ही प्रेम है फिर वह प्रभु प्रेम, विश्व प्रेम किसी भी नाम से प्रेम को सुनें क्योंकि यही प्रेम आगे बढ़ कर भक्ति स्वरुप बनता है ।

तीन प्रकार से हमारे शास्त्रों में, वेदों में और आचार्यो द्वारा प्रेम को समझाया गया है- जैसे प्राणिमात्र के लिए सर्वप्रथम शरीर आवरण है, अतः जब शरीर से प्रेम हो वह काम कहा गया है । पर वही प्रेम जब शरीर से ऊपर उठ कर मन से होने लगे और मन पूर्ण संलग्न हो जाय तब वह काम न रहकर शुद्ध प्रेम बन जाता है । किन्तु वह मन से ऊपर उठते हुए धीरे धीरे आपकी सहज स्वाभाविक वृत्ति बन जाये और आपकी आत्मा की गहराई से होने लगें और वही जीवन बन जाय तब उसे 'भक्ति परम प्रेम स्वरुपा' के नाम से पुकारा जाता है । क्रमशः...

# એકાદશ સ્કંદ સુબોધતી

- પ્રવક્તા -

પૂ.પા.ગો શ્રીચન્દ્રગોપાલજી મહારાજશ્રી, વડોદરા



આજના જમાનામા તમે જાવ તો દહેજમાં છોકરીને આપવામાટે બાપા શુ વિચારે ? અને છોકરી પણ શુ માગણી કરે ? પપ્પા, મને તમારે એક ટી.વી. ચોકકસ આપવાનુ. એક કેમેરો આપવાનો તે પણ ડીજીટલ, સિંપલ નહી ચાલે. એક કોમ્પ્યુટર આપવાનુ, ગણવા માટે કેલકુલેટર આપવાનુ. ભગવાન આ બધીજ વસ્તુ આપણામા સેટ કરીને આપી આ બધુ તો આપ્યુ તે આપ્યુ પરંતુ જીવન જીવવા માટેની સંપત્તિ પણ ભગવાને આપી.

એવં પઞ્ચાવિધં લિઙ્ગાં ત્રિવત્ત ષોડશવિસ્તૃતમ્ ।
એષ ચેતનયા યુક્તો જીવ ઇત્યમિ ધીયતે ॥

આપણે જે વખતે જન્મ લઈએ છીએ તે વખતે ભગવાન આપણને જીવવાને માટે ચોવીસ, સત્યાવીશ યા તો અઠ્ઠાવીસ સાધનો આપે છે. અને તે તત્વો છે પંચ મહાભૂત, જળ, પૃથ્વી, આકાશ, વાયુ તેજ હવે આમાંથી એક પણ મહાભૂત ઓછું આપે કે ન આપે તો આપણે જીવી શકીએ છીએ ? પૃથ્વી આપે સાથે જળ ના આપે તો ? જળ આપે ને આકાશ ના આપે તો ? ચાલો આ પાંચ આપ્યાને પછી ભગવાન વિચાર કર્યો કે પંચમહાભૂત તો આપ્યા પાંચ તન્ માત્રો પણ આપી. તન માત્રા એટલે શબ્દ, સ્પર્શ, રૂપ રસ અને ગંધ પાંચ તન માત્રા ઉપરાંત, જો ભગવાને આપણને દસ ઇન્દ્રીયો ના આપી હોતે, તો આપણને જીવન જીવવાનો કોઈ રસ રહૈતે ? એક કલ્પના કરો કે આપણુ બોડી છે ને ઇનદ્રીયો નથી, આંખ, કાન, નાક વિ. જીવન જીવવામાટે દસ ઇન્દ્રીયો આપી છતા પણ આપડે ગમે તેટલુ ટેસ્ટી ભોજન કરીએ. મહાપ્રસાદ લઈએ પરંતુ જો મન તેની સાથે સંકળાયેલુ ના હોય તો ? મન વગર કોઈ સ્વાદ આવે ? મન વિના જોવાનો, મન વિના સાંભળવાનો આનંદ આવે ? કારણ કે આનંદ તો મનનો વિષય છે. એટલે મન, બુદ્ધિ, ચિત્ત અને અંહકાર, આ ચાર અંતઃકરણ આપ્યા. ચોવીસ વસ્તુ આપવા છતા પણ જેની અંદર જીવન જીવવાનું છે તે ભૂત, ભવિષ્ય અને વર્તમાન કાળ ના હોય તો કાળ વિના આપડુ જીવન રહે કેવી રીતે ? આપણુ જીવન ત્રણ કાળની અંદર વિભક્ત છે. પચ્ચીસમું તત્વ છે કાળ અને આ બધાની ઉપર એકાદશ સ્કંધની શ્રીકૃષ્ણની માન્યતાનુસાર સત્વ, રજ અને તમ આ ત્રણ ગુણોં એમ મળીને કુલ અઠ્ઠાવીશ તત્વો, મૂળ આપડા શરીરના ચોવીસ તત્વો છે. એટલે આ તત્વો રૂપી જે આપણા અંશ પર આવરણ પડેલું છે. આ ૨૮ તત્વો એ જીવનના સાધનો છે પણ જીવે છે કોણ ? જેમ પહેરેલુ કપડુ એ સુંદરતાનુ સાધન પરન્તુ એ સુંદરતા છે કોની ? કપડાની ? સુંદરતા તો પહેરનારની જ છે તેવી રીતે આ શરીરની અંદર ભગવાનનો જે અંશ છે. ચિદ્ નામનો ચેતન કે જેને માટે વારે ઘડીએ આપડે બોલતા હોઈએ છીએ. કોઈ પ્રેમથી જોર-જોરથી મારે તો પણ આપડે બોલીએ છીએ અલા ભાઈ, જરા મેહરબાની રાખ હું પણ એક જીવ છુ. એટલે ચેતના જે અનુભવ કરે છે.

મમૈવાંશી જીવલોકે જીવભૂતઃ સનાતનઃ ।
મનઃ ષષ્ઠાનીન્દ્રિયાણિ પ્રકૃતિસ્થાનિ કર્ષતિ

એના ઉપર પડેલુ જે આ તત્વનં આવરણ તે દૂર થાય. આપણુ રૂપ આ આવરણો સાથેનુ છે. એ અન્યથા રૂપનો જ્યારે ભાગ થાય ત્યારે મુક્તિ થાય પહેલા આપણે જે રૂપમાં હતા તેજ ફોમમાં પાછા આવીને રહી જવુ આવુ નામ મુક્તિ.

મુક્તિના બે પ્રકારો છે, (૧) બ્રહ્મભાવ (૨) કૃષ્ણયોગ. મહાપ્રભુજી કૃષ્ણસામ્રાજ્ય. પ્રયોગ કરતા નથી. મહાપ્રભુજી કૃષ્ણયોગ શબ્દ પ્રયોજે છે. આજ વાતને શ્રીમ. પ્ર. બાલબોધ ગ્રંથની અંદર પણ નીચેના શબ્દથી જણાવ્યુ છે.

અહંતા-મમતા-નાશ, સર્વથા નિરહંકૃતૌ ।
સ્વરૂપસ્થો યદાજીવઃ, કૃતાર્થઃ સ નિગદ્યતે ॥

મૂળ વિષય છે અહંતા ને મમતાનો નાશ. બે મુક્તિ શા માટે છે ? બ્રહ્મભાવ એમા પાંચ અધ્યાયવડે મમતાની નિવૃત્તિ અને કૃષ્ણયોગ વડે અહંતાની નિવૃત્તિ એમ અહંતા ને મમતાની નિવૃત્તિ રૂપ આ એક પ્રકાર, મુક્તિ કયારે થાય ? જયારે અહંતાને મમતા આ બન્ને સર્વથા જીવથી છુટી જાય. આજને દિવસે આપણે મુક્ત નથી શા માટે નથી ? કારણ કે આપણને અહંતા છે ને મમતા છે. બલકે મારો મોક્ષ થાય, એ મોક્ષની વાત પણ આપડે અહંતા ને મમતાથીજ બોલીએ છીએ. મારો મોક્ષ થાય અને મુક્તોહં ભલે હુ મુક્ત છું પરંતુ અહં તો છેજ. જ્યારે અહંતા ને મમતાનો સર્વથા નાશ થઈ જાય, જયારે કોઈ પણ પ્રકારનો અહંકાર, હું છુ તેવુ ભાન એવી અસ્મિતા જયારે મનુષ્ય ના રહે અને આ મારૂ છે એવું કોઈ પણ જ્ઞાન મનુષ્યને ના રહે ત્યારે એ માણસને મુક્ત કહેવાય, એટલે મહાપ્રભુજી જીવનુક્તિને બે ભાગે વહેંચીને જણાવે છે કે બ્રહ્મમુક્તિ પાંચ અધ્યાય દ્વારા મમતાની મુક્તિ છે અને બાકીના ચોવીસ અધ્યાય દ્વારા અહંતાની નિવૃત્તિ છે. આ અહંતા-મમતાની નિવૃત્તિ જીવ પોતાના સાધનોથી સાધી શકે તેમ નથી. તમે ચાહો કે હું મમતા છોડી દઉ તો તે તમે છોડી શકવાના નથી અને તમે ચાહો કે હુ અહંતાને છોડી દઉ તો તે અહંતાને પણ છોડી શકવાના નથી આ બન્ને વસ્તુ ભગવાન જયારે મુક્તિલીલા કરે છે ત્યારેજ જીવની અહંતા ને મમતા નષ્ટ થાય છે. આપણા જીવનમાં બનતી ઘટના આ જે વાસ્તવમાં કૃષ્ણની લીલા છે અને એ લીલાને મહાપ્રભુજી જણાવે છે કે

ચિત્તોદ્વેગં વિધાયાપિ, હરિર્યધત્કરિષ્યતિ ।
તથૈવ તસ્ય લીલેતિ, મત્વા ચિંતાં દ્રુતં ત્યજેત્ ॥

આપણા જીવનમાં ઘટનારી પ્રત્યેક ઘટના એને કૃષ્ણની લીલાના રૂપમાં જો આપણને દેખાય તો ખરેખર આપડો બેડો પાર થઇ જાય. પણ નથી દેખાતી માટેજ આપડે દુઃખી છીએ. મારો દીકરો કેમ મરી ગયો ? મહાપ્રભુજી ને સવાલ પૂછો ? આટલા પ્રેમથી મેં સેવા કરી ઠાકોરજી ને લાડ લડાવ્યો મહાપ્રભુજી કહે છે શ્રીઠાકોરજી, શ્રીકૃષ્ણ તારા જીવનમાં હવે મુક્તિ લીલા કરવા માગી રહ્યા છે.

યદાહં અનુગૃણ્યામિ હનિષ્યેત તદ્ધનં શનૈઃ ।

ભગવાન જ્યારે અતિશય કૃપા કરે છે. ત્યારે જીવના સંસારના, મમતાના સ્થાનો છે તેને એક કરી તોડી નાખે છે. આપણા મમતા નું કેદ્ર છે મારો દીકરો એમ ! ચાલ તારા દીકરા ને તારાથી દૂર કરી દઉ છુ હવે ક્યા તુ મમતા કરશે ?



Katares Computerland Rewa Road, Satna Contact : 9907899078 / 9907127337

Dharmit Parkih

Shraddha Screen Printing & Accounting

All kinds of Printing & Stationery Suppliers


1930, Pittaliya ni Pole, Opp. Govardhannathji Temple, Sarangpur Chakla, Sarangpur Ahmedabad - 380001.
Email : shraddhaprinter@gmail.com

# શ્રીવલ્લભનંદન ગોપીનાથ

यदनुग्रहतोजन्तुः   सर्वदुःखातिगोभवेत्   ।
तमऽहंसर्वदा वन्दे श्रीमद्वल्लभनन्दनम् ॥

લિ. - જાગૃતિ ગોહિલ

જગદ્ગુરૂ શ્રીવિટ્ઠલનાથજી વિરચિત ભ્રાત વંદના



જગદ્ગુરૂ શ્રગોપીનાથજી પ્રભુચરણ

જગદગુરૂ મહાપ્રભુ શ્રીવલ્લભાચાર્યજીએ બિન્દુ સૃષ્ટિ અને નાદ સૃષ્ટિને નજર સમક્ષ રાખીને હનુમાન ઘાટ ઉપર રેતીમાં પોતાના શ્રીહસ્ત થી અન્તિમ ઉપદેશ તરિકે લખીને જે ઉપદેશ આપ્યો તેને શિક્ષા શ્લોકી અડધી પ્રભુએ પૂર્ણ કરિ અને ત્યાર બાદ આપશ્રી વલ્લભ મૌન થઇ ગયા. ત્યાર બાદ પુષિટ ભક્તિ માર્ગ નું સુકાન સંપૂર્ણ પણે જગદ્ગુરૂ શ્રીગોપીનાથ પ્રભુચરણ ના હાથમાં આવ્યું, અને આપશ્રી પુષ્ટિ ભક્તિ સંપ્રદાય ના આચાર્ય સ્થાને બિરાજી યથાર્થ રીતે મહાપ્રભુ શ્રીવલ્લભાચાર્યજી ના સિદ્ધાન્તોં-વિચારધારા અને ઇચ્છાનુસાર સુદ્ધતા થી સંપ્રદાય અને એવા ઉત્તન યથાર્થ માર્ગ નું નિર્વહન કર્યું સાથે સાથે પોતાના પિતા ના પદ ચિન્હોં પર ચાલવા નો માનસિક નિર્ધાર કરી જયાં જયાં શ્રીવલ્લભ પૃથ્વી પરિક્રમા કરવા પધાર્યા હતા અને મુકામને વિશ્રામ કર્યો હતો તે સર્વ સ્થાનો પર પધારી પુષ્ટિ ભક્તિમાં પોતાના પિતા થી દિક્ષીત થયેલા સર્વે સેવક વર્ગને પ્રેમ લક્ષણા યથાર્થ ભક્તિ નો સુદ્ધ ઉપદેશ આપ્યો અને એ સેવકો ના વંશને પણ શરણે લઇ પ્રેમ માર્ગ ની ઉચ્ચતમ દીક્ષા શરણમંત્ર અને આત્મનિવેદન કરાવી પ્રભુની સેવામાં સ્થિર કર્યા.

છતાંય આજે એક પ્રશ્ન તો છેજ કે કોઈ પણ જગ્યાયે એમના નામનો ઉલ્લેખ કે બેઠક સ્થાન કોઈના સંજ્ઞાન માં નથી કે થવા દિધું નથી ? કયા કારણોં હશે તે તો પ્રભુની લીલા પ્રભુ જ જાણે !!

(આપ સેવા કરિ શીભવે શ્રીહરિ) એ સુક્તિ પ્રમાણે શ્રીગોપીનાથ પ્રભુચરણે પોતાની સાથે શ્રીમદ્ભાગવત અને શ્રીમદ્ ભાગવત ના સાર રૂપ પોતાના પિતા દ્વારા રચિત શ્રીપુરૂષોત્તમ સહસ્ત્ર નામ સ્ત્રોત નો ગ્રંથ અને પોતાના સર્વસ્વ એવા શ્રીઠાકુરજી સદાય સંપૂર્ણ ભારત ભ્રમણ (પરિક્રમા) વખતે સાથે પધરાવી સંપૂર્ણ પુષ્ટિ સૃષ્ટિ ને પુષ્ટિ સાધના કથા પ્રકારે કરવી જેવી નદનંદન યશોદોત્સંગ લાલિત મસ્ત બની આપણને પ્રેમ કરવા લાગે તે સમજાવવા શોડષ ગ્રંથોની સાથે સાધન દીપિકા પણ ભણાવી ઉપદેશ કર્યો. એ સમય મા ભક્તો દ્વારા સમર્પિત કરવા માં આવેલી સર્વ દેવી ભેંટ સૌગાદ-દ્રવ્ય જે કોઈ પણ હતું તે સર્વ કોઈ આપશ્રી એ (શ્રી ગોપીનાથજી એ) ગોપાલપુર એટલે કે (હાલ નું જતીપુરા ગામ) એમા બિરાજતા શ્રીગોવર્ધનધરણ શ્રીનાથજી ના શ્રીચરણોં માં સમર્પિત કરીને શ્રીનાથજી ની સેવામાં ભોગ, શ્રૃંગાર, રાગ, સ્વર્ણ-રજત વાસણોં ઇત્યાદિ સર્વ વૈભવ વધાર્યો જેનો ઉલ્લેખ આપણને ૮૪-૨૫૨ અને નીજવાર્તા ઘરૂવાર્તામાં સ્પષ્ટ મળે જ છે.

શ્રીમહાપ્રભુજી ની જેમ જ શ્રીજગન્નાથપુરીમાં ધર્મ સભામાં વિદ્વત્ જનો ને ઉપદેશ આપી કૃથાર્થ કર્યા અને શુદ્ધાદ્વૈત બ્રહ્મવાદ નું સર્વત્ર સ્થાપન કર્યું માયાવાદ નો નિરાસ કર્યો જેથી ધર્માચાર્યો અને સર્વે વિદ્વત્જનોં એ શ્રીગોપીનાથજી ને સુખપાલમાં પધરાવી પોતાના ખલે લઇ શોભાયાત્રા દ્વારા સન્માન કરી પુષ્ટી પ્રેમલક્ષણા ભક્તિ ને યથાર્થ માર્ગ તરિકે સ્વીકારી વંદન કર્યા. આનો પણ ઉલ્લેખ આપશ્રીના પુરી ના પંડા શ્રીગુચ્છીકારજી ની પોથીમાં દર્શન થાય છે.

છતાંય પ્રશ્ણ પાછો ત્યાં જ ઉભો રહે છે અને મન ને ખિન્ન કરતા જ રહે છે આવી દિવ્ય પ્રતિભા અને સદાય શ્રીવલ્લભની નિશ્રામાં જ અધ્યયન દ્વારા મૂલ સિદ્ધાન્તોં ને પચાવી સર્વ નિજજનોં ને આપી આટલો મોટો આ સૃષ્ટીપર ઉપકાર કરનાર આપણા પોતાના મૂલ આચાર્ય જગદ્ગુરૂવલ્લભનંદન શ્રીગોપીનાથ પ્રભુચરણ ને આપડે કેમ ભૂલી ગયા કે ભૂલાવી દિધા ??

શ્રીગોપીનાથજી એ માત્ર જગન્નાથપુરી જ નહીં અપિતુ કાશી, અવંતિકા, પ્રયાગ, હરિદ્વાર અને દક્ષિણમાં કુંભકૌણમ, વિજયનગર, અને ત્રિકમઘ જેવા અનેક સ્થાનોમાં જ્યાં જ્યાં ધર્મ સભાઓ માં શાસ્ત્રાર્થો માં અને સંપૂર્ણ ભારત ભ્રમણ માં શ્રીવલ્લભાચાર્ય મહાપ્રભુજી ની સાથે રહેનાર લોટા, લકુટી, કમંડલ, હરિહર, નાગનાથ, ચૂડામણી, શંભુ, ઇત્યાદિ સજાતીય વર્ગ ના અને સંસ્કૃત, વેદ, ઉપનીષદ, ધર્મ, દર્શન, ના જાણકાર વિદ્વાનોં ને સાથે રાખીને પોતાના પિતૃચરણ ની જેમ પ્રેમલક્ષણા પુષ્ટિભક્તિ ના આ માર્ગ ના સર્વ સેવક વર્ગ માં યથાર્થ સ્થાપન સાથે દિગદર્શન કરાવ્યું.

અધિકતર આપશ્રી અડેલમાં બિરાજી પોતાના માતુશ્રી અને લઘુ ભાતા ને સ્નેહપૂર્વક સાચવતા ઘરના વડીલની જેમ અને સેવા- સ્મરણ માં જ રચ્યા પચ્યા રહેતા આથી જ શ્રીવિટ્ઠલનાથ શ્રીગુસાંઇજી એ પોતાના જ્યેષ્ઠ ભ્રાતા એવા શ્રીગોપીનાથ પ્રભુચરણ ની સ્તુતિ કરતો આ શ્લોક રચી આપણને એમના સ્વરૂપ નુ દર્શન કરાવ્યુ છે ...

યદનુગ્રહતો જન્તુઃ સર્વદઃખતિગો ભવેત્ ।
તમહં સર્વદા વન્દે શ્રીમદ્વલ્લભનંદનમ્ ॥

આજ રીતે આપણા તૃતીયગૃહાધીશ પૂ. શ્રીવ્રજેશકુમારજી મહારાજશ્રી એ પણ શ્રીગોપીનાથ પ્રભુ માટે સુંદર સ્ત્રોત રચના કરી સ્વરૂપલીલા અને ગુણ માહાત્મ્ય આપશ્રીનું પ્રગટ કરી ધન્ય કર્યા આપણને સર્વે ને અને સાધન દિપિકા ગ્રંથ પર પણ આપે (રશ્મિ) ટીકા ઘણા વિષયો ને સુસ્પષ્ટ કર્યા છે આપશ્રી ના ચરણોં માં વંદન છે ...

આવા છે આપણાં આચાર્ય જગદ્ગુરૂવલ્લભનંદન શ્રીગોપીનાથજી છતાંય પાછો પ્રશ્ન તો ત્યાં જ ઉભો છે કે ....... :- આવી દિવ્ય પ્રતિભા અને સદાય શ્રીવલ્લભની નિશ્રામાં જ અધ્યયન દ્વારા મૂળ સિદ્ધન્તોં ને પચાવી સર્વ નિજજનોં ને આપી આટલો મોટો આ સૃષિટીપર ઉપકાર કરનાર આપણા પોતાના મૂળ આચાર્ય જગદ્ગુરૂવલ્લભનંદન શ્રીગોપીનાથ પ્રભુચરણ ને આપડે કેમ ભૂલી ગયા કે ભૂલાવી દિધા ??

(વધુ આવતા અંકે)

## श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान

श्रीगोपीनाथ आध्यात्मित संस्थान की प्राथमिक भूमिका भारतीय धर्म दर्शन एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार करते हुए जन कल्याण के कार्य करना और भारतीय वैदिक संस्कृति का उत्थान करते शुद्ध भगवत् प्रेम पुष्टिभक्ति में कार्यरत रहना है । साथ ही समाजोत्थान के कार्य करते हुए जन-जन के मन को श्रीकृष्ण के सहज प्रेम में मस्त बनाकर एक आनंदपूर्ण दुःख रहित समाज का निर्माण करना है ।

आगामी समय में श्रीगोपीनाथ आनंदधाम का नवनिर्माण का महाआयोजन हो रहा है, जिसमें वैदिक शास्त्रीय संस्कृत के एवं आधुनिक अभ्यास हेतु गोपीनाथ ज्ञान मंदिर, गौ सेवा हेतु कपिला गौशाला, सहज भक्ति साधना मंदिर, विरक्त आश्रम-यज्ञशाला वैदकीय सहाय हेतु व्रजेश औषधालय इत्यादि का निर्माण किया जायेगा ।

इस भागीरथ कार्य को संपन्न करने में मात्र आर्थिक ही नहीं किन्तु अपनी दक्षता-ज्ञान एवं श्रमदान कर हमारे हाथों को और मजबूत बना सकते हैं । भगवत् प्रेम गुरुजनों के आशीर्वाद बड़ो की कृपा और आपका पूर्ण स्नेहभरा सहयोग ही हमारा पीठबल और ताकत है ।

श्रीउमेश भाई वैष्णव बडौदा
व्यवस्थापक एवं ट्रस्टी

जय श्रीकृष्ण
श्रीमती अरून्धती शेवड़े
एवं वनमाला गोरे
श्रीमती गीता पुरुषोत्तमदास कटारे



Devine Thoughts

# Samarpan

## Dedication

Pujya Shri Brijlata Bahuji



CONTINUE....

It is said in a line in Urdu : 'tere siva mera koi muddaa nahin' , i.e. there is no other point of talk for me than thine own topic' . According to this line there is no other purpose of any activity than that for Bhagavan himself. "Love" is defined as a unique attraction towards the Bhagavan. Bhagavan means the highest bliss, par excellence . It is matter of common parlance that the mind of a person is invariably attracted towards enjoyment. It is a natural inclination of the mind that it sticks to that object in which it finds happiness by seeing ,hearing, speaking, tasting, smelling, going, doing etc. 'Being pleasant' is a reason for attraction and pleasure is a characteristics of bliss. The avidya (ignorance) breeds the attachment towards the worldly objects. But the pleasure gained from the worldly objects is so meager and insignificant that the mind gets repulsed from whatsoever centre of attraction, towards which it had been attracted. Attachment towards a favorite thing to the eyes gets gradually reduced when seen constantly. When smelled a cherished thing the mind gets saturated. When we sit at a favorable place for a longer time we get tired. Thus whatever we term as liking or affection is verify pleasure or enjoyment. But the pleasure accruing from the thing is just very negligible, so the mind turns back from the things howsoever attractive. Paramatman is himself the bliss par excellence. This means that the bliss not only in this entire universe but whatever bliss is there in millions of such universes when compared, the excellence bliss of Bhagavan far exceeds the sum total of the bliss of all those universes. It is therefore impossible to measure the bliss of Bhagavan. Whatever the bliss is there in all the universes is also the bliss of the same Bhagavan. Therefore the bliss of Bhagavan is termed as the bliss par excellence. The Paramatman is in the form of bliss and hence the universe created by Him is endowed with bliss. When the mind is one with such Paramatman, who is the form of bliss itself, it does not turn back in any case. As the mind starts getting possessed by Bhagavan. Who is in the form of bliss, the attitude of demanding on the part of the mind gets reduced in the same proportion of the said sense of possession. As a result of this the attitude of dedication increases. This dedication is neither for some particular time nor for some particular objects. This dedication is a kind of constant flow which is to be related with every moment of our life and with every object of our belonging. Rivers like Ganga, Narmada etc. have been flowing on for the thousands and thousands of years and get lost their name and form by way of constant dedication to the sea. In the same way a tree no make use of its fruits, flowers, leaves and trunk for the sake of its master. Thus each and every moment of our life and each and every thing with us should be continuously not dedication to Bhagavan. TO BE CONTINUE....

## दोलोत्सव

दोलोत्सव श्रीकृष्ण का एक बहुत ही गुप्त, दिव्य खेल है। श्रीवृजभानजी और श्रीकीर्तिजी अपने दामाद श्रीकृष्ण को आमंत्रित करते हैं और विभिन्न प्रकार से सत्कार करते हैं। इसके बाद पूरा परिवार एक दूसरे पर अबीर, गुलाल आदि रंगों को छिड़कते हैं और राधा कृष्ण को होरी खिलाते हैं। नंदालय वापस आ कर नंदमहल में भी श्रीयशोदाजी और नंदरायजी के साथ श्रीकृष्ण-राधिका होरी का आनंद लेते हैं। दूसरी तरफ, श्रीप्रभु निकुंज में भी अनेक स्वामिनियों के साथ डोल का माधुर्य रस (श्रृंगार रस) के साथ आनंद लेते हैं। डोल के चार खेल होते हैं, जिसमें से तीन सखीजन के भाव से और एक प्रभु स्वयं अपने भाव से खेलते हैं। इस प्रकार कान्हा पतिभाव, वात्सल्य-बालभाव एवं माधुर्य-प्रेमभाव से होली निजभक्तों प्रेमियों के साथ खेलते हैं। यह 40 दिन सख्य भाव के होते हैं जिसका भरपूर आनंद प्रभु स्वयं लेकर अपने सेवकों को भी प्रदान करते है अपने परम प्रेमरस का।

वेसे भी श्रीप्रभु हमेशा भक्तों के दिल में ही झूलते हैं। इसी भाव से डोल (पुष्प के झूले) को विभिन्न वृक्षों, पौधों, श्रीवृंदावन में, श्रीगिरिराजजी, आदि में सुगंधित फूलों से बनाया और सजाया जाता है।

ब्रज के लता, फूल, पेड़ आदि सभी भगवत-भक्त (श्रीकृष्ण के भक्त) हैं, जो हमेशा श्रीप्रभु की सेवा में लगे हुए हैं। वे सभी एक या अन्य तरीकों से श्रीकृष्ण की सेवा करना चाहते थे, चाहते है और सदा ही चाहते रहेंगे और इस प्रकार वह अपने प्रिय कान्हा को अपने हृदय में स्नेह की डोरी से झुलाते है।

## द्वितीया पाटोत्सव

रंगों से भरे 40 दिन फागुन के दिन होते हैं। जब स्वामी-सेवक रिस्ते को थोड़े समय के लिए गौण रख कर प्रभु अपने प्रेमी-भक्तों को सख्य भक्ति का दान कर उन्हें अपना सखा और सखी बना परस्पर सख्यभाव से होली खेलते हैं। स्वयं भगवान होने का माहात्म्य भूलाकर प्रभु ने अपने भक्तों के साथ उनके भाव अनुसार होली खेली हैं। लेकिन जैसे ही दोलोत्सव पूर्ण हो जाता है, तब फिर से स्वामी-सेवक के संबंध प्रधान हो जाते हैं। जिसके सेवाकर्ता, दास-भक्त फिर से अपने शक्तिशाली स्वामी प्रभु को अपने सर्वोपरि स्वामी के स्थान पर बैठाता है और वह भी हृदय कमल रूप सिंहासन पर। इस दिन से पुनः दास भाव युक्त प्रेम लक्षणा भक्ति का प्रारम्भ होता है अतः इसे द्वितीया पाटोत्सव कहते हैं।

इसलिए ही परमानन्द दासजी जैसे भगवदीय गोपीजनों के भाव जताते हुए कहते हैं कि –

''लाल नेंक देखिये भवन हमारो आवो
जो मांगो सो देहों मोहन ले मुरली कल गावो,
मंगल चार करो गृह मेरे संग के सखा बुलाओ .....''

इत्यादि भाव पूर्ण शब्दों से अपने मन-बुद्धि-हृदय के सिंहासन प्रभु को दे कर, उसमें स्वामी बन बिराज कर जैसी इच्छा होय सो करो एसी विनती करते हैं।

## गुड़ी पड़वा

चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को गुड़ी पड़वा या वर्ष प्रतिपदा या उगादि कहा जाता है। इस दिन हिन्दु नववर्ष (विक्रम संवत्) आरम्भ होता है। माना जाता है कि इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इसमें मुख्यतया ब्रह्माजी और उनके द्वारा निर्मित सृष्टि के प्रमुख देवी-देवता, यक्ष-राक्षस, गंधर्व सभी आते हैं। आज के दिन सूर्योपासना के साथ आरोग्य, समृद्धि और पवित्र आचरण की कामना की जाती है।

चैत्र ही में वृक्ष तथा लताएं पल्लवित व पुष्पित होती हैं। शुक्ल प्रतिपदा का दिन चंद्रमा की कला का प्रथम दिवस माना जाता है। जीवन का मुख्य आधार वनस्पतियों को रस चंद्रमा ही प्रदान करता है, इसे औषिधियों और वनस्पतियों का राजा कहा गया है। इसीलिए इस दिन को वर्षारंभ माना जाता है। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से शारदीय नवरात्रि का भी आरम्भ होता है।

Thought For Enlightenment

# The Story of "King Ambarish and Maharishi Durvasa"

Smt. Jagruti Ban -Gohil (Chicago)

King Ambarish was a great devotee of Lord Vishnu ,who was blessed to control the Sudarshan Chakra. This made Lord Indra jealous, and he instigated Maharishi Durvasa against King Ambarish.

As planned by them Maharishi Durvasa arrived at King Amabarishi's palace when he was about to break Ekadashi fast. Maharshi Durvasa was welcomed with love and warmth and he asked the King to break his fast after he had taken his bath and offered his prayers.

Maharishi Durvasa was deliberately taking time to bathe so that the auspicious time passes away and his fast is spoilt.

Seeing King Ambarish in dilemma, his priest adviced him to have a sip of water. This angered Maharishi Durvasa and in fit of rage, plucked a hair from his head and created Kriya, a fearsome demon to slay the King. The demon was about to kill King Ambarish when Sudarshan Chakra, emerged and killed the demon and then moved towards Maharishi Durvasa.

Maharishi Durvasa panicked and ran for his life, to take help from Lord Indra, Lord Brahma and Lord Shiva.

They were all helpless but Lord Shiva went with him to Vaikunth and pleaded to Lord Vishnu to save him.

Lord Vishnu told the sage that he could be saved only if King Ambarish forgives him. Maharishi Durvasa apologised and begged for forgiveness. King Ambarish forgived the sage and saved his life.

Moral-

Never harass a great and sincere devoty of God because God loves his devotees.

# खुला प्रश्न मंच

प्र. 1 श्रीमद् भागवत सबसे सबसे पहले कितने श्लोक में कही गयी ? और किसके द्वारा कही गई।

उ. 1 श्रीमद् भागवत सबसे पहले चार श्लोक में स्वयं भगवान द्वारा ब्रह्मा जी को कही गई।

प्र. 2 श्री व्यासजी को श्रीमद् भागवत की रचना करने की प्रेरणा किसने और क्यों दी ?

उ. 2 श्री व्यासजी को श्रीमद् भागवत की रचना करने की प्रेरणा नारदजी ने प्रभु की लीलाओ के वर्णन द्वारा भगवन की निर्मल यश-कीर्ति विस्तार और जीव को संसार के विषय भोग से मोक्ष प्राप्ति हेतु करी।

प्र. 3 श्रीमद् भागवत पुराण भगवान का कौन सा स्वरुप है ?

उ. 3 श्रीमद् भागवत पुराण भगवान का वांगमय (शब्दात्मक-वाणी) स्वरुप है।

प्र. 4 श्री व्यासजी और भागवत का प्रसार करने वाले श्री शुकदेवजी किनके अवतार हैं ?

उ.4 श्री व्यासजी विष्णुजी के और श्री शुकदेवजी शिवजी के अवतार हैं।

प्र. 5 श्री भगवत पुराण का श्रवण-पठन किस चीज़ का नाश करता है ?

उ. 5 श्री भगवत पुराण का श्रवण-पठन से हमारे शोक, मोह और भय का नाश होता है।

प्र. 6 श्रीमद् भागवत पुराण कितने विभाग में कही गयी है । और इन विभागों को क्या कहते हैं ?

उ. 6 यह 12 विभाग में कही गयी है और इन विभाग को स्कंध कहते हैं।

प्र.7 श्रीमद्भागवत के 12 स्कंध किन नामों से जाने जाते है ?

उ. 7 1-अधिकार, 2-साधन, 3-सर्ग, 4-विसर्ग, 5-स्नानलीला, 6-पुष्टिलीला, 7-उती-लीला, 8-मनवंतर लीला, 9-इशानु कथा, 10-निरोध लीला, 11-मुक्ति लीला, 12-आश्रय लीला

प्र. 8 श्रीमद् भागवत में व्यासजी ने मंगलाचरण स्तुति किसकी और कितने श्लोक में करी ?

उ. 8 श्री व्यासजी भागवतजी के आरम्भ में अपने इष्ट देव पूर्ण पुरुषोत्तम कृष्ण की स्तुति 31 श्लोक में करी।

प्र. 9 श्री भागवत पुराण में किसकी कथा कही गयी है ?

उ. 9 श्रीमद्भागवत पुराण में भगवान के 10 अवतारों और भगवान के भक्तों की कथा है।

प्र. 10 भगवान के दस अवतार लेने का उद्देश्य क्या था ?


उ. 10 भगवान के दस अवतार का हेतु पृथ्वी को महा भय से तारणा, दुष्टों का दमन और भक्तों का रक्षण करना था।

प्र. 11 भगवान के दस अवतार के नाम क्या हैं।

उ. 11 दस अवतार के नाम इस प्रकार हैं- मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, रामचन्द्र, श्रीकृष्ण, बुद्ध और कल्कि।

प्र. 12 श्रीमद् भागवत के किन विषयों का रहस्य बताया गया है।

उ. 12 श्रीमद् भागवत में वेद, उपनिषद्, गीताजी, ब्रह्म सूत्र, साख्य योग, न्याय इतिहास ... आदि के साथ श्रीकृष्ण तत्व की चर्चा है।




श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान
Visit us at www.gopinathji.org

यथार्थ संपादक मंडल
श्रीमती प्रभाबेन शास्त्री
श्रीमती कल्पना कटारे
कु. निमिषा बेन पारेख

यथार्थ व्यवस्थापक मंडल
श्रीमती गुंजन बेन शास्त्री
श्री उमेश भाई वैष्णव

वड़ोदरा कार्यालय का समय
(सुबह ११ से शाम ५)
सम्पर्क - मोबाईल
98255 13317, 9998107541

ट्रस्ट र.नं. (ई-४३७५(मेहसाणा) ता. १६ मार्च २००५)
इन्कमटेक्स करमुक्ति का लाभ भी उपलब्ध है
CIT/GNR/80G(5)/PTN-37/07-08/3233/12-13

## संस्थान के कार्यकलाप

- यथार्थ मार्ग (मासिक पत्रिका)
- ओडियो प्रवचन केसेट, पुस्तक प्रकाशन, और वितरण
- गौसेवा
- अशक्त आर्थिक तकलीफ वाले व्यक्तियों की सहायता
- सामान्य स्थिति वाले छात्रों को मदद्
- सत्संग सत्रो का आयोजन


**अशक्त, आर्थिक तकलीफ वाले, अनाथ एवं ब्राह्मण हेतु**

- भोजन सेवा • वस्त्र सेवा • विद्या दान
- औषधि सेवा • अन्न दान • अनन्त योजना

संस्कार

# प्रेम और विश्वास का संगम घर

श्री वृजेशकुमारजी शास्त्री



सामाजिक व्यवस्था का मूल अंग और नीव घर है। जिस नीव पर राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार है, उस घर की चार दीवालों के अंदर समझदारी, वफादारी, धैर्य, विवेक और विश्वास जैसी नैतिकता का जन्म होता है।

पहले हम पत्थर, मिट्टी से खिड़की दरवाजे, छत और दीवालों से एक मकान बनाते हैं और फिर उस मकान को घर बनाने की प्रक्रिया का आरम्भ होता है प्रेम और विश्वास के आधार पर, जहाँ हम चैन की सांस ले सकें, जिसकी चार दीवारें हमें मुक्ति का अहसास कराए, दुनिया की आपाधापी से जिस की छत हमें सुरक्षा देती हो और जिसके अंदर खिड़की-दरवाजे से आती हवा हमें आत्मीयता का अहसास कराये, ऐसा घर।

पर आज ऐसे घर इस भागती-दोड़ती आधुनिक शैली के प्रभाव के कारण समाज में बहुत कम देखने को मिलते हैं। सभ्यों के बीच भी परिवार में स्पर्धा है, स्वछंद जीवन की चाह, विश्वास की कमी के कारण एक छत के नीचे रहते हुए भी परिवार एक नहीं है थोड़ी सी समझदारी के अभाव से सब बिखर जाता है।

घर को बनाने और टिकाए रखने के लिए माता-पिता एवं बच्चों का संयुक्त प्रयास होना आवश्यक होता है। घर के मूल्यों को जीवित रखने के लिए दाम्पत्य प्रेम एवं आचार-विचार की संहिता अतिआवश्यक तत्व है। जीवन की कैसी भी परिस्थिति में अद्वैत (एकत्व) बनाए रखें जहाँ कैसी भी स्थिति में हृदय में विश्वास कम ना हो वही दाम्पत्य प्रेम है। पति-पत्नी अहंकार, काम-क्रोध, आलस्य, कर्कशता, का त्याग कर बहुत ही सावधानी से परिवार सदस्यों की सेवा करे ये अति महत्वपूर्ण है। पर ऐसे हालात परिवार में नहीं बनते तब ही समस्या खड़ी होती है और घर कुरुक्षेत्र बनता है। आज के घरों में पहले से अलग प्रकार के मूल्यों का प्राधान्य स्थापित हुआ है। माता-पिता की प्राथमिकता बदल चुकी हैं। कुछ घरों में पैसा कमाना ही जीवन का ध्येय बना हुआ है। बच्चों को बचपन से ही इस ध्येय को पूरा करने के लक्ष्य से तैयार किया जाता है। बच्चे की क्षमता, निपुणता को जाने-समझे बिना ही माता-पिता द्वारा तय कर दिया जाता है कि बच्चे को जीवन में क्या बनाना है। फिर उस को सफल बनाने की और दूसरे बच्चों से अपने बच्चे को श्रेष्ठ बनाने की असफलत होड़ शुरु होती है। पहले से ही केवल पढ़ाई को महत्व दिया जाता है और संस्कार, धर्म और आध्यात्मिक ज्ञान की महत्ता को माँ-बाप द्वारा ही भुला दिया जाता है। जिसके विकृत परिणाम हम आज के युवा वर्ग में देख ही रहे हैं। रोज सिर्फ पढ़-पढ़ की रोक-टोक शुरु रहती है, फिर बच्चे और माँ-बाप के बीच आत्मीयता कम हो जाती है। और संवाद कम होते ही विवाद विसंवाद प्रगट होते हैं।

इसका परिणाम यह होता है कि बच्चा आत्मिक पोषण की कमी से निराशावादी, अकेलेपन का शिकार, दुःसंग और कुसंस्कार को प्राप्त होता है। तब ऐसे परिणाम से माँ-बाप व्याकुल हो जाते हैं और स्वयं की भूल न देखकर बच्चे और समाज को दोष देने लगते है। जिससे घर में क्लेश, मन भेद और असंतोष का माहोल बन जाता है।

कुछ अमीर लोगों के घर भी घर ना बन कर होटल जैसे माहोल से बना होता है। बड़ा मकान, सबके कमरे अलग और उसके साथ साथ मन, जीवन शैली भी अलग। बिना अनुशासन का privacy के नाम पर स्वच्छन्द जीवन, ना कोई टोकने वाला ना कोई रोकने वाला और फिर ऐसे घर में जब विचार भेद, संगभेद, और रुचि में भेद आए तो उसको Janaresion gap का नाम दे दिया जाता है और हालात को ऐसा ही छोड़ दिया जाता है। ऐसी माता-पिता की लापरवाही के परिणाम में संतान भटककर जुआ, मदिरापान, गुंडागर्दी, आवारापन जैसे अवगुणों में रत हो जाता है।

माता-पिता स्वयं संतान को सत्य की राह बताने, गलत राह की प्रवृति को रोक लगाने की कोशिश करने के फर्ज से विमुख हो चुके हैं। और वह भी इस डर में कि कहीं बच्चा हम से दूर न हो जाय या दुःखी न हो जाय।

बच्चों को आजादी और नये जमाने की रीत के नाम पर उन के ऊपर विश्वास रखा जाता है। फिर उनकी प्रवृत्ति को अनदेखा कर के माता-पिता अपने जीवन में मस्त रहते हैं। अति लाड़-प्यार या अति उपेक्षा, इन दोनों परिस्थिति में पले संतान का और माता-पिता का भी भविष्य अंधकारमय बनाता है। ऐसे संस्कार और परिवार के बीच का संग और सत्संग बिना का केवल सुविधा से भरा घर, घर नहीं केवल मकान है।

पहले हमारे समाज में परिवार संयुक्त हुआ करता था तब धर्म, संस्कार, प्रणाली और बड़ो के प्यार समझ अनुभव के ज्ञान से धिरा रहता था, स्वछंद जीवन नहीं था। पर अब परिवार में विभाजन हुआ, शिक्षण पद्धति, शहरी जीवन और आधुनिक साधनों के कारण परिवार में सयुक्ता का अभाव होता गया और अपने अधिकार, अपनी स्वतंत्रता, अपने हक अर्थात स्वकेन्द्रित होते गए। और वास्तविक रुप में परिवार, समाज के प्रति अपने कर्तव्य को भूल गए है।

एक समय था जब संतान माता-पिता, गुरु की आज्ञा का पालन करने हेतु अपना सबकुछ छोड़ देने में भी हिचकिचाते नहीं थे। पिता का दिया हुआ वचन पूरा करने सब हदें पार कर जाते थे। माता-पिता भी किसी स्वार्थ और अपेक्षा के बिना बच्चों के सही पालन पोषण में अपना पूरा जीवन व्यतीत कर देते थे। क्या हुआ उस संस्कार का ? माना कि समय बदला है, समय के साथ जीवनशैली भी बदली है, बदलना भी चाहिए, पर क्या ? केवल जीवन शैली बदली है तो बदलाव भी सिर्फ उसमें ही होना चाहिए, हमारे मूल संस्काररूपी तत्व को छेड़े बिना। मूल तत्व को छोड़कर जीवनशैली में बदलाव लाना नयापन तो है, प्रगति नहीं है। प्रगति जीवन की माँग है और बदलते समय के साथ हमारे मूल संस्कार को, मूलतत्वों को, कैसे बचाना और आने वाली पीढ़ी को सोंपना, यह समझ ही प्रगति है।

आज के समय को समझ कर थोड़े समझौते, एक दूसरे के लिए समय का योगदान, विश्वास और अनुशासन की आवश्यकता है। संतान की गलतियों को धैर्य रखते हुए और विवेक से सुन समझकर उन्हें सही दिशा देने की शैली माता-पिता को अपनानी होगी। माता-पिता का प्रेम, प्रोत्साहन और आश्वासन संतान की प्राथमिक आवश्यकता है। परिवार वह है, जहाँ आध्यात्मिक समझ सहित धर्म का पालन होता हो, सदस्यों के मध्य प्रेम, संस्कार, एकता जैसे मूल्यों का प्राधान्य हो, और ऐसा घर किसी तीर्थ से कम नहीं है। महाप्रभुजी श्रीवल्लभाचार्यजी गोपीनाथजी का मार्ग इसी तथ्य पर बना है। घर को तीर्थ, घर को गोकुल बनाओ। फिर उस घर में प्रभु भी सानंद आपके साथ रहेंगे। •




Dr (Mrs). Devindra N Mehta (B.sc. D.M.L.T)

For more than 17 years, day and night, we offer our patients world-class Pathology administrations on the grounds that their prosperity is absolutely critical to us.
We provide service at utmost priority while taking care of the minutest points of interest while declaring the degree of your sickness since one slip can prompt an inaccurate finding, posturing genuine danger to your wellbeing. Our specialists guarantee that they are to a great degree cautious while analyzing the samples.
This is the place our propelled innovation contributes. We are glad to have best in class types of gear in view of the most recent innovation for a quick and exact outcome. We don't take any risks at all with your wellbeing and prosperity.
Profit our Pathology administrations with no delay. You are dependably in great hands with NAVJEEVAN LAB.

Navjeevan
Diagnostic Centre

Karm Vihar, Station Road, Near Municipal Market, Pant Nagar, Ghatkopar (E), Mumbai 400077
Tel: 21020966 | Mbl: 9821463407/9930560357
Email: navjeevanlab@gmail.com

Affiliated with
Navjeevan Hospital – Ghatkopar East / NuLife Hospital - Ghatkopar West
Kamdar Hospital - Ghatkopar East | Varun Hospital - Ghatkopar East
Disha Hospital – Vikroli | Shraddha Hospital - Ghatkopar West
Bharat Vikas Medical Trust - Ghatkopar East / Wellness - Ghatkopar East
Pancholi Hospital - Ghatkopar East

# आरोग्यम्

श्रीमती प्रभादेवी शास्त्री



**विना आरोग्यं वृथा लक्ष्मीः**
समदोष समाग्निश्च समधातुः मलक्रिया ।
प्रसन्नात्मेन्द्रिय मनः स्वास्थ्यमित्यभिधीयते ।।
जीवन में ऋतुअनुकुल परिर्वतन एवं सावधानियाँ और पथ्यात्मक युक्त आहार स्वास्थ्य की कुंजी है ।

जीवन विज्ञान के रूप में प्रतिष्ठित आयुर्वेद का सिद्धन्त है (रोगस्तु दोष वैषम्यम् दोष साम्यमरोगता) अर्थात दोषों की विषमता ही रोग है और दोषों की साम्यता एवं सहजता ही आरोग्यता है । जो द्रव्य शरीर को दूषित करते है वह दोष कहे जाते हैं ऐसे हमारे शरीर में मुख्यता तीन दोष हैं :- वात, पित्त एवं कफ, मानव देह में बाल्यावस्था से वृद्धावस्था पर्यंत सभी उपयोगी क्रियाएँ इन्हीं दोषों के अधीन होती हैं । इन दोषों का व्याधियों से कार्यकारण भाव से सम्बन्ध होता हैं । यदि दोषों की विषमता की स्थति को रोग के उत्पन्न होने से पहले ही पहचान लिया जाये तो समुचित आहार विहार से ही रोगों के उत्पन्न होने की स्थिति से बचा जा सकता है । विषम दोषों को साम्यावस्था में लाना ही आयुर्वेद का प्रयोजन है । इस हेतु आयुर्वेद में आहार विहार दिनचर्या आचार रसायन आदि अनेक विद्या एवं विधाओं का वर्णन किया है जिससे रोगों की रोकथाम होकर जीवन को सुचारु ढंग से अधिक वर्षों तक स्वस्थ तरीके से जिया जाये । श्रीभगवदगीता में भी भगवान नें (युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्ट्स्य कर्मसु ...) इत्यादि श्लोकों द्वारा स्वस्थ जीवन जीने का तरीका समझाया है । इसके आगे बढ़कर भगवान ने गीता में ही आगे 16-17 अध्यायों में सात्विक आहार को लेने की बात पर आग्रह रखते हुए कहा है कि सात्विक आहार ही लेना हितावह है । अधिक कटु, तीखा या खट्टा, तीक्ष्ण लेने से रोग, जडता एवं दुःख शोक की वृद्धि होती है, साथ ही राजस और तामस आहार का वर्णन कर भेद भी बताया है ।

पित्त तत्व की विकृति से अल्सर, हायपर एसीडिटी जैसे रोगों की उत्पत्ति होती है, पित्त के संतुलन के लिये प्रारंभिक दशा में तुलसी, अदरक और काली मिर्च का संतुलित मात्रा में सेवन श्वास, कॉस और खाँसी में भी नियंत्रण करता है ।

वायु तत्व की मात्रा बढ़ने से शरीर में वात संबंधी दोष एवं रोग जैसे कि गठिया, जोड़ों का दर्द, शिरो वेदना, पेट दर्द, चक्कर आना इत्यादि उत्पन्न होते हैं एवं धीरे धीरे वृद्धि को प्राप्त होते हैं इस तत्व के नियंत्रण हेतु नित्य ध्यान रखें कि फ्रिज के ठंडे पानी का सेवन ना करें, गरम पानी का सेवन करें, बासी फ्रिज में रखा हुआ ना खायें, खमीर उठाके बनाये पदार्थ शाम 7.00 बजे से पहले खा लें, देर रात्रि में भोजन ना करें इत्यादि शुद्ध आहार और उससे भी ज्यादा चित्त-मन शुद्धि आवश्यक है ।

''जैसा खाये अन्न वैसा बने मन यह कहावत है'' -

अतः आयुर्वेद के सिद्धान्तानुसार (सर्वेषामेव रोगाणां निदानं कुपितुं मल) किन्तु गीता भागवत इत्यादि शास्त्रों के एवं सद्गुरु के कथनानुसार (सर्वेषामेव रोगाणां निदानं कुपितुं मनः) क्योंकि जब मन बिगड़ता है तब ही हमारा पेट बिगड़ने पर आमदा हो जाता है । अतः रोगों का मूल कुपित मन है और मन की शुद्धता एवं सात्विकता प्रथम आवश्यक है ।

(शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्)

धर्म साधना हेतु भी शरीर मन को स्वस्थ रखना शुद्ध रखना एवं सात्विक रखना नितांत आवश्यक है । **Health Is A Real Wealth ...**

પૃ. ૧ કા શેષ ભાગ-આચાર્ય વચનામૃત - ''नृदेह माद्यं सुलभं सुदुर्लमं प्लवं सुरुल्यं गुरु कर्णधारम्''

માનવ શરીર એ સુલભ પણ છે અને દુર્લભ પણ છે. એ દુર્બલ એટલા માટે છે કે. કરોડો જન્મ ના અન્તે ભાગ્યવશ કે ભગવતકૃપાવશ માનવ જીવન પ્રાપ્ત થાય છે. અને સુલભ એટલા માટે કે માનવ શરીર સર્વપ્રકારના સાધનોં અને શક્તિયોં થી સંપન્ન છે.

ભગવાન કહે છે કે આ ભવસાગર ને પાર કરવા માટે હજારો જન્મોં ના મોજાઓની થપ્પડો ખાતાં ઉછળતાં ડુબતાં પ્રાણી ને મારી કૃપા દ્વારા ભવ સાગર ને તરવા માટે મનુષ્ય રૂપી નૌકા પ્રાપ્ત થાય છે. પ્રશ્ન થાય કે એકલી નાવ જાય પણ કઇ દિશામાં ? કિનારાની દિશા તરફ લઇજનાર કોઈ કર્ણધાર જોઇએ તો ભગવાન કહે છે કે મેં એ પણ વ્યવસ્થા આપી છે કે હું પોતે અંશ ના આવેશ રૂપે અવતારો, આચાર્યો, સંતોં, મહાપુરુષો રૂપે અવતરી માનવ શરીર ને સાચા માર્ગ નો ઉપદેશ આપવા ગુરુરૂપે કર્ણધાર બનુ છુ. એટલુજ નહી, માનો કે પવન પ્રતિકુલ હોય તો પણ નૌકા આગલ વધી શકે નહી તેથી મારી કૃપા રૂપ પવન પણ સન્માર્ગગામીઓ માટે અનુકુલ હોય છે. આમ છતાં પણ જો માનવ ભવસાગર ને તરી ન શકે સંસાર સમુદ્રને પાર કરવાનો પ્રયત્ન ન કરે, એ વિષયોલલોગમાં અન્ધ બની કામ ક્રોધાદી તિમિંગલોનો ગ્રાસ બની જાય આવા વ્યક્તિયો માટે ભગવાન ''आत्महा'' શબ્દ નો પ્રયોગ કરેછે આવા વ્યક્તિયોં આત્મધાતી છે. જીવવાનો ના સાધનોં અને શક્યતાઓ વિદ્યમાન હોવાં છતાં પણ જે મૃત્યુ તરફ પ્રયાણ કરતો હોય છે. જે અંધકાર તરફ પ્રયાણ કરતો હોય છે જે અસદ તરફ પ્રયાણ કરતો હોય છે. જીવનની સાચી સમ્પત્તિ અને સમૃદ્ધિ ને નહી ઓળખતા અનિત્ય, અસત્ય અને અંધકાર તરફ દોટ લગાવવી એજ જીવનનુ મૃત્યુ છે. માટેજ મનુષ્ય જન્મ ને સાર્થક અને સફલ બનાવવા માટે જીવન ને જીવન્ત જાગૃત બનાવવુ પડશે. જેના મનમાં જીવન ને જાગૃત રાખવાની ઇશ્વર ને સમર્પિત કરવાની, જીવન નેં ઈશ્વરીય ભાવો થી ભરીદેવાની તેમજ ઇશ્વરના કામમાં સમગ્ર જીવનને લગાડી દેવાની અને પ્રકાશ થી ભરેલા માર્ગે, સત્ય થી ભરેલા માર્ગે, અમૃત થી ભરેલા માર્ગે પ્રયાણ કરવાની વૃત્તિ અને પ્રવૃત્તિ છે. એવા મનુષ્યનુ જીવન ''સત્યમ્ શિવમ્ સુન્દરમ્'' બને છે.

## नम्र निवेदन

आप सभी सुज्ञ विद्वतजनों से निवेदन- भक्तिमार्गीय एवं हिंदु धर्म विषयक लेख टाईप सेट करके निम्न लिखित e-mail पर भेजने हेतु श्रीगोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान का सादर आंमत्रित है । लेखों का चयन संपादक समिति के सुनिश्चित नियमों के तहत होगा ।

e-mail : info@gopinathji.org
girirajjshastri@gmail.com

श्रीगोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान द्वारा प्रकाशित श्री शास्त्रीजी लिखित पुस्तकें एवं कार्यक्रम और प्रवचनों की CD-DVD इस नम्बर पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है ।

उमेश भाई - 09825513317 •

रू. ५००/- से अधिक की राशि आयकर मुक्ति की धारा 80G के अन्तर्गत आती है । •

ड्राफ्ट/ चैक गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान के नाम से ही भेजे या कार्यालय से संपर्क करें ।

कार्यालय का समय - सुबह ११.३० से शाम ६.०० बजे तक
कार्यालय सम्पर्क सूत्र - 93740 65710, 99981 07541

## व्रतोत्सव टीप्पणी माह मार्च

| दि. | वार | तिथि | विगत |
|---|---|---|---|
| फाल्गुन सुद | | | |
| 1. | गुरु | 15 | होलिका दहन |
| फाल्गुन वद - वृज चैत्र वद | | | |
| 2. | शुक्र | 1 | धुरेड़ी, बंसतोत्सव |
| 3. | शनि | 2 | दूज, द्रोलोत्सव |
| 4. | रवि | 3 | द्वितीया पाटोत्सव |
| 6. | मंगल | 5 | रंग पंचमी |
| 13. | मंगल | 11 | पापमोचनी एकादशी |
| 18. | रवि | 1 | गुड़ीपडवा, नवरात्र प्रारंभ, नव विक्रम संवत प्रारंभ |
| 20 | मंगल | 3 | गणगौर, तीज |
| 25. | रवि | 9 | श्रीरामनवमी |
| 27. | मंगल | 11 | महाप्रभुजी की उत्सव बधाई प्रारंभ, कामदा एकादशी |
| 28. | बुध | 12 | मदन द्वादशी |

विशेष - यथार्थ मार्ग में प्रकाशित लेख, काव्य इत्यादि सामग्री वापस करने में नहीं आवेगी । लेखों की स्वीकृति-अस्वीकृति का निर्णय संपादक मंडल के अधीन होगा । इस मासिक पत्रिका में दिये गये लेखों की जिम्मेदारी स्वयं लेखक या कवि की रहेगी । उन लेखों या काव्यों से संपादन एवं श्रीगोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान सहमत हो कतई जरूरी नहीं ।

# संस्थान की आध्यात्मिक गतिविधियाँ



પૂ.પા.ગો શ્રી ચન્દ્રગોપાલજી મહારાજશ્રી પ્રસ્થાપિત શ્રી વલ્લભવિટ્ઠલ ગ્રન્થ પ્રકાશન મંડલ ટ્રસ્ટ-વડોદરા દ્વારાઆયોજિત શ્રીમદ્ ભાગવત દશમ સ્કન્ધ જન્મપ્રકરણ સુબોધની પ્રશિક્ષણ શિબિર ચમ્પારણ્ય સ્થળે સફલતા પૂર્વક સમાયોજન ફેબ્રુઆરી ૨૦૧૮ તા. ૨૦થી ૨૪ માં થયુંહતું. આ શિબિર પૂ. શ્રીચન્દ્રગોપાલજી મહારાજશ્રીની સન્નિધિમાં તથા આપશ્રીના સંપૂર્ણ માર્ગદર્શન તથા વકતૃત્વમાં થઈ હતી. એમાં ભાગવત દશમ સ્કન્ધ જન્મ પ્રકરણ-સુબોધિની ટીકા સહિત (શબ્દશઃ) શ્રીગુસાંઈજી ટિપ્પણી સહિત સુંદર-સરલ રીતે આપશ્રીની અદ્ભુત વાણી દ્વારા વૈષ્ણવોને હૃદયારૂઢ થાય તેવી શૈલીમાં ખૂબજ સુંદર રીતે વિષય પ્રસ્તુતિ કરણ કરવામાં આવ્યું હતું.

આ શિબિરમાં પૂ.અ. સૌ. શ્રીવ્રજલતાવહુજી ના સુંદર કંઠથી વેણુગીત પર મનનીય વચનામૃતનો પણ લાભ વૈષ્ણવોને પ્રાપ્ત થયો હતો. પૂ. શ્રીવ્રજલતા બેટીજીની મંગલ ઉપસ્થિતિથી વૈષ્ણવો લાભાન્વિત થયા હતા. શાસ્ત્રીજી શ્રીગિરિરાજજીની શિબિરાર્થી રૂપે ઉપસ્થિતિ નોંધનીય હતા. સાથે આ શિબિરમાં વૈષ્ણવો ને કીર્તન શીખવવા ગોકુલનિવાસી શ્રીગોકુલેન્દુ તૈલંગ ઉપસ્થિતિ રહ્યા હતા. જેનોશિબિરાર્થીઓએ ખૂબ લાભ પ્રાપ્ત કર્યો હતો. છે આવું આયોજન વારંતરથાય તેવી શ્રી મહાપ્રભુજીના શ્રીચરણોંમાં વિનંતી ....





''श्री गोपीनाथ ग्वाल मंडल'' व ''भक्ति सागर भजन मंडल'' द्वारा मुंबई के चेम्बूर में फागोत्सव और बंसतोत्सव का आयोजन परम पूज्य गुरुजी श्री गिरिराजजी शास्त्रीजी के पावन सानिध्य में हुआ। पू. श्री गुरुजी ने रसिक भक्तों को 41 दिन के महोत्सव का विधान जो पुष्टि मार्ग में ही विशेष रुप से है उसका सविस्तार उल्लेख किया। रसिया और फाग के पदों का गान किया और अंत में सभी भक्तों ने सभी भक्तों ने प्रभु को और एक दूसरे को रंग लगाकर अपना उल्लास व्यक्त किया।




वडोदरा में आयोजित " Parliament of the World's Religions of Chicago" एम्बेसेडर डॉ. जयेश शाह और मुक्तिमलमोहन जैन ज्ञान मंदिर वडोदरा के प्रकाश भाई सेठ के उपक्रम द्वारा आयोजित ''सर्वधर्म सम्मेलन'' में पू. श्री गिरिराजजी शास्त्रीजी अपने विचार व्यक्त करते हुए।

प्रति/To, BOOK POST PRINTED MATTER

श्री

## उत्सव माह मार्च - रामनवमी

सूर्यवंश में अवतारित राजा दशरथ के पुत्र श्रीरामचन्द्रजी का प्राकट्य चैत्र सुद 9 के दिन हुआ। दस अवतारों में श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रुप में जाना जाता है। यहाँ सभी मर्यादाएं शास्त्र की सीमा में होने के कारण ''मर्यादित'' रुप में स्थिरभाव अर्थात स्थाईभाव प्राधान्य है। श्रीरामचन्द्रजी के स्वरुप में प्रभु का मर्यादा पुरुषोत्तम रुप होने के पश्चात भी कई बार स्वयं उन सीमाओं को तोड़ा है और पुष्टि को प्रकटाया है।

इसके सुन्दर उदाहरण राम अवतार में बार बार दृश्यमान होते हैं - सेतु बाँधने के समय श्री राम ने अपने प्रमेय बल से पत्थर पर अपना नाम लिख कर पत्थर पानी में तैरते कर सेतु का काम आसानी से सम्पन्न कराने अपने नाम का बल दर्शाया। स्नेहभाव और वात्सल्य को स्वीकारने के विचार से भील सबरी के चखे हुए बेर आरोगे। गौतम ऋषि की पत्नि अहिल्या जो अपने पति के श्राप से शिला बन गई थी उनको चरण स्पर्श से पुनः दिव्य स्त्री देह प्रदान किया और दशरथ राजा को स्वर्ग की प्राप्ति कराई।

हमारे ठाकुरजी का बाया चरण पुष्टि तत्व है और दाहिना चरण मर्यादा है। पुष्टि भक्ति अर्थात प्रेम और महात्मय ज्ञान (राम+कृष्ण) सहित की भक्ति।

श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा है और श्रीकृष्ण को पुष्टि पुरुषोत्तम के नाम से जाना जाता है। यहाँ श्रीकृष्ण का स्थिर भाव ''पुष्टि'' है, लेकिन कई बार वह संचारी भाव के तहत मर्यादा को भी स्वीकार करते हैं। क्योकि जीव ठाकुरजी की मर्यादा के अनुसार सेवा करने में सक्षम नहीं हैं इस लिए ठाकुरजी हमारी मर्यादित सेवा का स्वीकार करते हैं। सर्वतोधिक स्नेह पर आधारित पुष्टि भक्ति में हमेशा वृज लीला का भाव होता है। वृजलीला हमारी दैनिक सेवा में प्रचलित है, जबकि राम लीला रामनवमी पर दिखाई देती है। इस कारण रामनवमी एवं अन्य तीन जयंति अर्थात चार अवतारों के जन्म दिन उत्सव सेवा में शामिल हैं।

Printed & Published By Giriraj V. Shastri On Behalf Of Owner Shree Gopinath Adhyatmik Sansthan Trust (regd. No. E4375) And Printed At Shraddha Screen Printing, C/o Dharmit D. Parikh, 1930, Pitta Ni Pole, Opp. Govardhannathji Temple, Sarangpur Chakala, Sarangpur, Ahmedabad-380001 And Published At Giriraj V. Shastri , E/294, Rajlakshmi Society, Opp. Baroda Heart Institue,Old Padra Road, Vodadara-390027. Editor Giriraj V. Shastri